Seventeenth Loksabha

Need to provide raw coal to Dugdha and Mahuda Coal Washery under Western Washery Zone of the Bharat Coking Coal Limited (BCCL) in Jharkhand

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह) : महोदय, कोल इंडिया लिमिटेड में बी.सी.सी.एल के पश्चिमी वाशरी जोन (वाशरी डिविजन) क्षेत्र के अंतर्गत के दुग्धा कोल वाशरी तथा महुदा कोल वाशरी रॉ कोल के अभाव में वर्षों से बंद है। इन दोनों कोल वाशरीज़ का इंफ्रास्ट्रक्चर मुनीडीह कोल वाशरी की तरह काफी मजबूत है। यदि इन दोनों वाशरीज़ को भी नियमित रूप से रॉ कोल उपलब्ध कराया जाए, तो गुणात्मक लाभ राष्ट्र को मिलेगा एवं रोजगार भी स्थानीय को मिलेगा।

इसलिए आपके माध्यम से मैं माननीय कोयला मंत्री जी से राष्ट्र हित, उद्योग हित और मजदूर हित में झारखंड में बी.सी.सी.एल के पश्चिमी वाशरी जोन के दुग्धा तथा महुदा कोल वाशरी को सुचारू रूप से चलाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने की मांग करता हूं।